राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

विश्वविद्यालयों में प्रशसनिक एवं वित्तीय नियमितता एवं अनुशासन हेतु 'विश्वविद्यालय प्रशासनिक सेवा' तथा विश्वविद्यालय वित्त सेवा' के गठन पर हुआ गंभीरतापूर्वक विचार

पटना, 06 दिसम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता विकसित करने तथा प्रशासनिक और वित्तीय नियमितता बनाये रखने के लिए ठोस और प्रभावकारी प्रयास का निदेश राज्यपाल सचिवालय के प्रधान सचिव को दिया है।

इस क्रम में आज राजभवन में राज्य के महामहिम राज्यपाल के निदेशानुसार विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक और वित्तीय अनुशासन बनाये रखने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव, वित्त विभाग के अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक, विधि सचिव तथा राज्यपाल सचिवालय के कई वरीय अधिकारियों, यथा–विशेष कार्य पदाधिकारी (विधि), अपर सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी (विश्व॰) आदि ने भाग लिया। इस बैठक में विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक नियंत्रण चुस्त–दुरूस्त करने तथा वित्तीय अनुशासन बनाये रखने के लिए महामहिम के निदेशानुसार ''विश्वविद्यालय प्रशासनिक सेवा' तथा 'विश्वविद्यालय वित्त सेवा' के गठन पर गंभीरता से विचार किया गया। ज्ञातव्य है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलसचिव, वित्त परामर्शी एवं वित्त पदाधिकारी के पदों पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि सेवानिवृत्त अधिकारी विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुशासन एवं नियमितता बहाल रख पाने में बहुत संतोषजनक रूप से अपने दायित्व नहीं निभा पाते। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों के कुशलतापूर्ण निर्वहन हेतु 'विश्वविद्यालय प्रशासनिक सेवा' एवं 'विश्वविद्यालय वित्त सेवा' के गठन पर आज की बैठक में गंभीरतापूर्वक विचार हुआ। साथ ही यह निर्णय हुआ कि राजभवन इन सेवाओं के पद–सोपान तैयार करने तथा पद–सृजन आदि आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रशासी शिक्षा विभाग से अनुरोध करेगा।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने प्रधान सचिव को बारी–बारी से एक विश्वविद्यालय की समीक्षा–बैठक भी राजभवन में बुलाने का निदेश दिया है। राज्यपाल–सह–कुलाधिपति के आदेशानुपालन में कल 7 दिसम्बर, 2018 को राजभवन में मुंगेर विश्वविद्यालय की प्रथम समीक्षा बैठक आयोजित की गई है, जिसमें इस नवस्थापित विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं, क्रिया–कलापों एवं भावी कार्य–योजनाओं आदि की गहन एवं व्यापक समीक्षा की जायेगी।

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री टंडन के निदेशानुसार प्रधान सचिव ने राज्यपाल सचिवालय की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मियों का भी एक शाखा से दूसरी शाखा में स्थानान्तरण करते हुए इन्हें एक सप्ताह के अंदर नयी शाखा में पदभार ग्रहण कर लेने को कहा है। कर्मियों में नयी ऊर्जा और कार्य में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से राज्यपाल ने प्रधान सचिव को कहा था कि राज्यपाल सचिवालय की विभिन्न शाखाओं के कर्मियों का भी व्यापक रूप से स्थानान्तरण कर दिया जाये। प्रधान सचिव ने इस क्रम में राज्यपाल सचिवालय के कुल 18 सहायकों, लिपिकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों का स्थानान्तरण कर दिया है।

....